## आजादी के भूले बिसरे कवियों को याद करने की जरूरत



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** आजादी के अनाम नायकों पर केंद्रित राष्ट्रीय महोत्सव में दूसरे दिन आयोजित विचार सभा में शायर लोकेश कुमार सिंह साहिल ने कहा कि असहमति का अर्थ आलोचना नहीं होता और आलोचना का अर्थ शत्रुता नहीं होता। हजारों अनाम कवियों ने अपनी कविता और विचार के माध्यम से आमजनों में जागरुकता की मशाल जलाई थी। इस सभा में वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र शर्मा कुसुम ने कहा कि मैथिली शरण गुप्त, रामधारी सिंह दिनकर निराला सहित अनेक कवियों ने जन जागरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभा में आकाशवाणी की पूर्व अधिकारी सुषमा नरूला ने भी अपने विचार प्रकट किए।

संस्कृति मंत्रालय दिल्ली के सहयोग से पीपल्स मीडिया थिएटर द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय महोत्सव के दूसरे दिन संगीत सत्र में अक्षत शर्मा, अमित झा, अभिषेक, झनक शर्मा, प्रियांशु पारीक और शुभम गौतम ने नजीर अकबराबादी के गीतों दुनिया में बादशाह है सो है वह भी आदमी, रोटी, पैसा और आदमीनामा सुनकर युवा श्रोताओं को जागरुक किया।

इस महोत्सव में बाल कलाकारों ने क्रांतिकारी शहीदों के चित्र बनाए और महान समाज सुधारक और विश्व में भारतीयता का डंका बजाने वाले स्वामी विवेकानंद के चित्रों की एक भव्य प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। समारोह के स्वागताध्यक्ष किशन मित्तल ने बताया कि तीसरे दिन भी चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

## ग्रटर निगम की टीम ने अतिक्रण हटाए, 24 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा ने बताया कि सतर्कता टीम द्वारा ग्रेटर नगर निगम के क्षेत्राधिकार में बांगड़ अस्पताल, जेके लॉन अस्पताल, सांगानेरी गेट, अजमेरी गेट, जेएलएन मार्ग एवं इण्डिया गेट प्रताप नगर से अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 24 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूलकर 04 कैंटर सामान भी जब्त किया गया।

## जयपुर समारोह के तहत बनाई रंगोली एवं मांडणा



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा 18 नवंबर को जयपुर समारोह-2024 का आगाज किया गया। जयपुर समारोह के आयोजनों की श्रृखंला के अन्तर्गत जोन, वार्ड स्तर पर 21 से 27 नवंबर तक प्रतियोगिताएं एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। समस्त जोनों, वार्डों के स्कूलों, विद्यालयों, कॉलेजों, व्यापार मण्डल, स्वयसेवी संस्थाओं व अन्य संस्थाओं से समन्वय कर जोनवार प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी करवाई जा रही है। अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार ने बताया कि जयपुर समारोह-2024 के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन एवं राईजिंग राजस्थान की थीम पर आधारित नगर निगम ग्रेटर 21 से 27 नवंबर तक समस्त वार्डों एवं जोनों में प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को जोन के उद्यानों की सफाई, प्लान्टेशन ड्राइव, श्रमदान किया गया।

**चोरी किए गए सामान को बांग्लादेश में बेचने की तैयारी में थे आरोपी**

# मोबाइल शॉप से हुई करोड़ों की चोरी का पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने डेढ़ करोड़ के मोबाइल, सामान सहित 3 लाख 85 हजार रुपए नकदी की बरामद

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जवाहर नगर इलाके में छह नम्बर को मोबाइल शॉप से हुई करोड़ों की चोरी की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से चार चोरी करने वाले और एक चोरी का माल खरीदने वाला भी शामिल है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपी चुराए गए सामान को बांग्लादेश में बेचने की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने इससे पहले ही इन्हें पकड़कर उनके पास से डेढ़ करोड़ के 74 नए आईफोन, 10 आईपैड, 13 रियलमी फोन समेत अन्य मोबाइल और सामान बरामद कर लिए गए हैं। इसके साथ ही 3 लाख 85 हजार रुपए की नकदी भी बरामद की गई है। साथ ही वारदात के दौरान उपयोग में ली गई कार को जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर के पुलिस



कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि छह नवंबर को सुबह जवाहर नगर थाना इलाके में पंचवटी सर्किल के पास मोबाइल की दुकान से चोरी की वारदात हुई थी। बदमाशों ने करीब 120 आईफोन, 150 अन्य फोन, आईपैड, मैकबुक समेत करीब 1.80 करोड़ रुपए का सामान चोरी किया था। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप और पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम के निर्देशन में स्पेशल टीमों का गठन किया था। पुलिस की टीम ने करीब 1000 किलोमीटर की दूरी तय की। साथ ही 300 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। देवास, इंदौर, उज्जैन, मुंबई से प्राप्त सूचनाओं को एकत्र किया और 1000 से ज्यादा कॉल डिटेल्स का विश्लेषण किया। साइबर टूल्स और तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई गई, इसके बाद पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड सफान खान (30) पुत्र अनवर खान निवासी बड़वानी मध्य प्रदेश हाल जूनी इंदौर, राम भरोसे पटेल (27) पुत्र महेश पटेल निवासी देवास मध्य प्रदेश हाल खदराना इंदौर, जतिन हाड़ा (18) पुत्र ओमप्रकाश हाडा निवासी देवास मध्यप्रदेश व राजेश उर्फ खन्ना उर्फ मामा (45) पुत्र अजय सिंह निवासी देवास मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। इनके साथ चोरी का माल खरीदने वाले समीर अहमद शेख (38) पुत्र मोहम्मद रफीक शेख निवासी गवंडी (मुंबई) हाल खारघर (मुंबई) को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से 74 नए आईफोन, 11 नए आईपैड, एक मैकबुक, 13 नए रियलमी फोन बरामद किए गए हैं। आरोपी सफान खान के कब्जे से 15 इस्तेमाल किए गए आईफोन और एक लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं। आरोपी राम भरोसे पटेल के कब्जे से 7 पुराने आईफोन, 1 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

आरोपी जतिन हाड़ा के कब्जे से 7 पुराने आईफोन और आरोपी राजेश उर्फ खन्ना के कब्जे से 16 इस्तेमाल किए गए फोन और 1.25 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। कुल मिलाकर आरोपियों के कब्जे से 3.85 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर मोटरसाइकिल चोरी की और उसकी सहायता से वारदात स्थल तक पहुंचे।

## बीजेपी कार्यालय पर यूटीबी कार्मिकों का प्रदर्शन

### समायोजन की मांग पर 4 घंटे दिया धरना मांगे नहीं मानने पर हड़ताल की दी चेतावनी

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** यूटीबी कार्मिक एक बार फिर सरकार और प्रशासन के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। शुक्रवार को यूटीबी कार्मिकों ने बड़ी संख्या में प्रदेश बीजेपी कार्यालय और स्वास्थ्य भवन पर विरोध प्रदर्शन किया। यूटीबी कार्मिक सुबह 11 बजे सैकड़ों की संख्या में पहुंचे और करीब चार घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। जिसके बाद यूटीबी कार्मिको को बीजेपी प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने वार्ता के लिए बुलाया और यूटीबी कार्मिकों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

इस दौरान यूटीबी कार्मिकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। श्रवण बगड़ी ने इस दौरान स्वास्थ्य निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा से फोन पर बात करके समाधान



निकालने के निर्देश दिए। राजस्थान यूटीबी कार्मिक एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि यूटीबी कर्मचारियों के साथ जो सरकार सौतला व्यवहार कर रही है और नियमित भर्तियों को माध्यम बनाकर जिस तरह महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और पैरामेडिकल कर्मचारियों को कार्य मुक्त किया गया है, उसके विरोध में आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

इसके साथ ही स्वास्थ्य भवन पर निदेशक अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा और जिलों के अंदर रिक्त पदों पर समायोजित करने की मांग की है। यूटीबी कार्मिकों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांग अति शीघ्र नहीं मानी गई तो समस्त कर्मचारी संपूर्ण राजस्थान में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## मां योजना की निविदा में प्रतिष्ठित बीमा कंपनियों ने दिखाई रुचि

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की क्रियान्विति के लिए बीमा कम्पनी के चयन हेतु जारी की गई निविदा के क्रम में राजस्थान स्टेट हेल्थ इंश्योरेंस एजेन्सी के कार्यालय में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में प्री-बिड मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, वित्तीय सलाहकार, कार्यकारी निदेशक (पॉलिसी) तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ-साथ न्यू इन्डिया इंश्योरेंस कंपनी. यूनाईटेड इंश्योरेंस, बजाज एलाइंज, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, एचडीएफसी, ओरिएन्टल, रिलाइन्स इंश्योरेंस जैसी प्रतिष्ठित बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थिति रहे। बीमा कम्पनियों द्वारा निविदा में रूचि दिखाई गई।

## कलक्टर की अध्यक्षता में गलता तीर्थ की प्रबंध व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को गलता तीर्थ की प्रबंध व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को मंदिर ठिकाना गलताजी के सुचारू प्रबंधन व संचालन के निर्देश दिए गए। बैठक में पुराना घाट से गलताजी तक पहुंचने हेतु संपर्क सड़क की मरम्मत करना, गलताजी परिसर के मंदिरों में मरम्मत, जीर्णोद्धार करने, गलताजी में उज्जैन अयोध्या आदि तीर्थ की तर्ज पर कॉरिडोर का निर्माण करने, संतों के पैनोरमा निर्माण करने, दर्शनार्थियों की सुविधाओं का विकास करने आदि विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही अधिकारियों को गलताजी परिसर घाट के बालाजी व आसपास के क्षेत्र व कुंडों की नियमित साफ-सफाई करवाने, रोड लाइट का प्रबंधन करने, गलताजी परिसर व गलताजी के अधीनस्थ सभी मंदिरों के बिजली व कनेक्शन गलता मंदिर के नाम करने की कार्रवाई करने, दर्शनार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुचारू रखने, सड़क के दोनों और वृक्षारोपण का कार्य करने तथा पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त करने, दान पेटियों के रख-रखाव व क्यूआर कोड लगवाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, एसडीएम जयपुर राजेश जाखड़ सहित जेडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, वन विभाग, देवस्थान विभाग, पीडब्ल्यूडी, जलदाय विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आयुर्वेद संस्थान में स्टैंडर्ड आफ पंचकर्म प्रोसीजर पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्विद्यालय के पंचकर्म विभाग द्वारा पंचकर्म प्रोसिजर (वमन, विरेचन) की श्रृंखला के तहत आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने आयुर्वेद एवं पंचकर्म की जानकारी देते हुए वर्तमान समय मे पंचकर्म उपक्रमों के मानकीकरण की नितांत आवश्यकताओं पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला की सराहना की। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में पंचकर्म चिकित्सा का बहुत बड़ा महत्व है पंचकर्म के



द्वारा कई रोगों के उपचार को किया गया है। पंचकर्म की प्रक्रिया का पूरे देश में के एक मानकीकरण होने से आमजन को कई रोगों के निदान में पंच कर्म चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सकेगा। पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य पंचकर्म उपक्रमों के मानको को पूरे देश के लिए तैयार किया गया है, जिससे देश में पंचकर्म प्रोसिजर में एकरुपता आए तथा सभी देशवासियों को कई रोगों के निदान में पंचकर्म चिकित्सा का समान लाभ मिल सके। राष्ट्रीय कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से 14 विशेषज्ञ सम्मिलित हुए, विशेषज्ञों द्वारा पूर्व कर्म वमन, विरेचन आदि पंचकर्म विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारंभ समारोह मे कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल, डॉ. सर्वेश कुमार सिंह, डॉ. क्षिप्रा राजोरिया, डॉ. विपिन तंवर, पंचकर्म वैद्य डॉ. वैभव बापट और डॉ. अनुश्री डी. उपस्थित रहे।

## वाहन चोरी करने वाले गिरोह का हिस्ट्रीशीटर साथी सहित गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजधानी की झोटवाड़ा थाना पुलिस ने नौ सौ किलोमीटर पीछा कर बालोतरा से चौपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी लग्जरी कारों के लॉक डिवाइस से तोड़कर चोरी कर ले जाते थे और चोरी किए वाहनों को तस्करों को औने-पौने दामों में बेच दिया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की है। फिलहाल गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ करने के साथ फरार साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि झोटवाड़ा थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चुराने वाले चोर गैंग के हिस्ट्रीशीटर मोहन लाल उर्फ मुन्ना (27) और फुसाराम (25) निवासी बायतु बालोतरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वाहन चोर गैंग का संचालन श्रवण देवासी करता था और वाहन चोरी व तस्करी के मामलों में वह जेल में बंद हैं। बदमाश श्रवण देवासी के जेल में बंद होने के कारण वाहन चोर गैंग का संचालन हिस्ट्रीशीटर मोहन लाल उर्फ मुन्ना करने लगा। हिस्ट्रीशीटर मोहन लाल अलग-अलग वारदातों में अपने गैंग के बदमाश अशोक गोदारा, अमनी खान, प्रकाश बेनीवाल, सुरेश, फुसाराम व चन्द प्रकाश उर्फ मुन्ना के साथ करता। लग्जरी कारों के लॉक तोड़ने के लिए डिवाइस व मास्टर चाबी का यूज कर चुरा ले जाता था। चोरी की गाड़ियों को बाड़मेर के बायतु में कमलेश उर्फ अग्रेज को बेच देते हैं।

# युवा डेयरी उद्यमियों के लिए डॉ. वर्गीज कुरियन प्रेरणा का स्त्रोत : श्रुति

### अमूल और सरस ने मिलकर श्वेत क्रांति के बाइकर्स का किया स्वागत

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** 16 नवम्बर को पूणे से शुरु हुई 12 मोटर साइकिल बाइकर्स की रैली मुम्बई, सूरत, आणंद, पालनपुर, उदयपुर और अजमेर होती हुई शुक्रवार को जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पहुंची। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बाइकर्स दल में शामिल सभी का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। श्रुति भारद्वाज ने इस अवसर पर स्वयं एक्टिवा चलाकर अमूल और सरस के लगभग 250 बाइकर्स रैली का नेतृत्व किया। बाइकर्स रैली पत्रिका गेट से जवाहर लाल नेहरु मार्ग, सरस संकुल और गांधी सर्किल तक होती हुई वापस सरस संकुल मुख्यालय पहुंची, जहां अमूल जयपुर के ब्रान्च मैनेजर आशुतोष गर्ग सहित अमूल और आरसीडीएफ के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनकी अगुवानी की। कुल 1678 किलोमीटर



की यात्रा पूरी कर बाइकर्स रैली डॉ. कुरियन के जन्मदिवस 26 नवम्बर को दिल्ली पहुंचेगी।

सरस संकुल मुख्यालय में आयोजित समारोह में उपस्थित बाइकर्स, सहकारी डेयरियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों और डेयरी अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए फेडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने कहा कि अमूल युवा डेयरी उद्यमियों के लिए स्व. डॉ. वर्गीज कुरियन प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत है। पेशे से इन्जिनियर रहे कुरियन ने जिस तरह देशभर में सहकारी डेयरियों का नेटवर्क तैयार किया वह अपने आप में एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि डॉ. कुरियन द्वारा दिखाए गए पथ पर चलते हुए आरसीडीएफ आज दुग्ध संकलन के क्षेत्र में देशभर में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। सरस ने युवा वर्ग, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को स्व रोजगार के उद्देश्य से ई-मित्र के माध्यम से सरस बूथ, शॉप एजेन्सी, सरस कैफे और सरस पार्लर के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। अमूल राजस्थान के हेड आशुतोष गर्ग ने डॉ. कुरियन द्वारा प्रतिपादित ऑपरेशन फ्लड के माध्यम से देश के गरीब दुग्ध उत्पादकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. कुरियन के 103वें जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में बाइकर्स रैली के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग में उनके द्वारा किए गये उल्लेखनीय कार्यों के प्रति जागरुकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि ग्रीन फयूल बाईकर्स रैली के आयोजन का एक उद्देश्य यह भी है कि लोगों में पर्यावरण और स्वच्छ वातावरण के प्रति भी जागरुकता पैदा की जा सके। इस अवसर पर अमूल डेयरी की ओर से एक कुरियन क्विज भी आयोजित की गई, जिसमें डॉ. कुरियन द्वारा डेयरी विकास के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

## बिहारी समाज के लोग कल मनाएंगे लिट्टी-चोखा दिवस

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** बिहार के बक्सर में नवम्बर माह के माघ-कृष्ण पक्ष पंचमी से 'पंचकोशी परिक्रमा' यानी पंचकोशी मेले की शुरुआत हो चुकी है। ऐसी मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम तथा उनके भ्राता लखन लाल ने अपने गुरु महर्षि विश्वामित्र के साथ बक्सर में विद्याध्ययन के दौरान पंचकोशी परिक्रमा की थी, परिक्रमा के दौरान अलग-अलग जगह विभिन्न पकवान बना कर खाएं थे और परिक्रमा के अंतिम दिन यानी पांचवे दिन बक्सर चरित्रवन में 'लिट्टी-चोखा' खाए थे। तब से प्रभु श्रीराम की याद में बक्सर जिले तथा आस-पास के कुछ जिलों की जनता पांचों जगह घूम-घूमकर अलग-अलग पकवान बनाकर उक्त जगह पर खाने की परंपरा की शुरुआत हुई।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा. नि. वि. खण्ड सुजानगढ़**

क्रमांकः- निविदा सूचना संख्या : 19/2024-25 दिनांकः-

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1356-1370 दिनांक 30.10.2024 को ई-निविदा सूचना संख्या 19/ 2024 आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा की डाउनलोड करने की दिनांक 04.11.2024 से 21.11.2024 थी। अब उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा की डाउनलोड करने की दिनांक 25.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक बढ़ाई जाती है। निविदा खोलने की दिनांक 25.11.2024 सांय 03.00 बजे है।

निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

(ऋतिक सांखला) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड सुजानगढ़

DIPR/C/11645/2024

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION NEEMKATHANA**

No. : 4034-46 Date: 18/11/2024

Notice Inviting Bid No. 12/2024-25

Bids for 3 (Three Nos) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM 26.11.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state, and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 33.96 Lac. NIB No. PWD2425A2680 UBN No. PWD2425WSOB09778 to PWD2425WSOB09780

DIPR/C/11504/2024

Executive Engineer PWD Dn. Neemkathana